हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 26/01/24	पृष्ठ सं० (Page No). 04	क्रम सं०(Serial No.) 4

सीआईएसएफ कर्मियों के लिए पदकों की घोषणा

सम्मान

नई दिल्ली, प्र.सं.। विशिष्ठ और सराहनीय सेवा करने वाले सीआईएसएफ कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए पुलिस पदकों की घोषणा की है। गणतंत्र दिवस पर इन्हें सम्मानित किया जाएगा।

सीआईएसएफ के मुताबिक, विशिष्ठ सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक तीन अधिकारियों को दिया जाएगा। इसमें उप महानिरीक्षक, सीसीएल करगली दिनेश प्रताप परिहार, उप कमांडेंट आरएसपी राउरकेला मनोज कुमार दास और सईद फैज अहमद सउनि, एएसजी सूरत शामिल हैं। सराहनीय सेवाओं के लिए 24 कर्मिकों को पुलिस पदक प्रदान किया जाएगा। इसमें जितेन्द्र राणा, मनोज कुमार शर्मा, धीरज कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार, राजकमल विट्ठलराय श्रीमाली, रामबरन सिंह, परिमल कुमार राम, सुरेन्द्रनाथ पी आदि के नाम शामिल हैं। वहीं, विशिष्ठ सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का अग्निशमन सेवा पदक उप निरीक्षक-अग्नि एनएलसी नेवेली सी नटराजन, सउनि-अग्नि आरजीटीपीपी खेदार वीरेन्द्र पाल, सउनि-अग्नि एनटीपीसी कुड़गी हल्लेपा शामिल हैं। सराहनीय सेवाओं के लिए सात कार्मिकों को अग्निशमन सेवा पदक दिए जाने की घोषणा की गई है।